कार्यालय जनपद न्यायाधीश, गोरखपुर।

(केन्द्रीय नजारत अनुभाग)

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2021–22 की शेष अवधि के लिए दीवानी न्यायालय, गोरखपुर परिसर में स्थित फोटोकापी की दुकान संख्या–2,3 एवं 4 हेतु सीलबंद निविदा दिनांक 16.12.2021 के अपराह्न 12:00 बजे तक आमंत्रित की गयी थी, परंतु मात्र फोटोकापी की दुकान संख्या–4 के लिए निविदाएँ प्राप्त होने तथा शेष फोटोकापी की दुकान संख्या–2 एवं 3 के लिए किसी भी निविदादाता द्वारा उपस्थित होकर अपनी निविदा प्रस्तुत नहीं की गयी जिस कारण नीलामी की कार्यवाही पूर्ण नहीं की जा सकी।

उक्त के सम्बन्ध में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2021–22 की शेष अवधि के लिए दीवानी न्यायालय, गोरखपुर परिसर में स्थित फोटोकापी की दुकान संख्या–2,3 एवं 4 हेतु सीलबंद निविदा दिनांक 07.01.2022 के अपराह्न 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा किसी भी कार्यदिवस में केन्द्रीय नजारत, जनपद न्यायालय, गोरखपुर से दिनांक 06.01.2022 तक निर्धारित शुल्क मु0–100/–रु. जमा कर प्राप्त की जा सकती है। नियत तिथि के उपरांत कोई निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। प्राप्त निविदाओं को न्यायालय परिसर स्थित सभागार में दिनांक 08.01.2022 को सायंकाल 04:30 बजे निविदादाताओं की उपस्थिति में खोला जायेगा। सभी निविदादाताओं को धरोहर के रूप में मु0–20,000/–रु. की धनराशि नगद अथवा चेक के माध्यम से निविदा के साथ केन्द्रीय नजारत में जमा करना अनिवार्य होगा। संबंधित की निविदा स्वीकृत न होने की दशा में धरोहर धनराशि उसी दिन अथवा अगले कार्यदिवस पर संबंधित को वापस कर दी जायेगी।

निविदा प्रक्रिया के नियम व शर्तें माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की आधिकारिक वेबसाईट **www.allahabadhighcourt.in** एवं जनपद न्यायालय, गोरखपुर की आधिकारिक वेबसाईट **https://districts.ecourts.gov.in/gorakhpur** पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त निविदा से सम्बन्धित अन्य विवरण न्यायालय के सूचना पट्ट अथवा केन्द्रीय नजारत से किसी भी कार्य दिवस को प्राप्त की जा सकती है।

(सत्यानन्द उपाध्याय)
अध्यक्ष नीलामी समिति
अपर जनपद न्यायाधीश, कोर्ट सं.– 01
गोरखपुर।